



भारतीय संसदीय ग्रुप का सूचना पत्र
खंड XXXIX, संख्या 1,
जनवरी,2023

---

सूचना पत्र के इस अंक में 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2022 की अवधि के दौरान भारत और विदेशों में हुई महत्वपूर्ण संसदीय घटनाओं और गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण संकलित है।

## सम्मेलन, संगोष्ठियां और बैठकें

### 1. उत्कृष्ट विधान परिषद/विधान सभा पुरस्कार हेतु मानदंड सुझाने के लिए पीठासीन अधिकारियों की समिति की दूसरी बैठक

उत्कृष्ट विधान परिषद/विधान सभा पुरस्कार हेतु मानदंड सुझाने के लिए पीठासीन अधिकारियों की समिति की दूसरी बैठक 7 नवंबर 2022 को विधान सौध, बेंगलुरु, कर्नाटक में श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी, अध्यक्ष, कर्नाटक विधान सभा की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक में भाग लेने वाले समिति के सदस्यों में श्री राम निवास गोयल, अध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा; श्री बिस्वजीत दैमारी, अध्यक्ष, असम विधान सभा; और श्री एम अप्पावु, अध्यक्ष, तमिलनाडु विधान सभा शामिल थे। गुजरात विधानसभा की अध्यक्ष डॉ (श्रीमती) निमाबेन आचार्य बैठक में भाग नहीं ले सकीं। समिति ने राज्य विधानसभाओं से प्राप्त विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श किया। विचार-विमर्श के दौरान, प्रारूप मानदंडों में परिवर्धन/संशोधनों का सुझाव दिया गया। तत्पश्चात, समिति ने लोक सभा सचिवालय को निर्देश दिया कि वह प्रारूप मानदंडों को अंतिम रूप देने के लिए आगे कार्यवाही करे।

### 2. सीपीए कार्य समूह की शासन संबंधी बैठकें

सीपीए मुख्यालय को लंदन, ब्रिटेन से राष्ट्रमंडल के किसी प्रस्तावित देश में स्थानांतरित करने के लिए प्रस्तुत प्रारूप बेंचमार्कों पर चर्चा करने के लिए सीपीए कार्य समूह की शासन संबंधी बैठकें 10 नवंबर 2022 और 8 दिसंबर 2022 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गईं। श्री अनुराग शर्मा, सांसद (लोक सभा) और सीपीए कार्य समूह के सदस्य ने दोनों बैठकों में भाग लिया।

### 3. अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 145 वीं सभा

आईपीयू की 145वीं सभा और संबंधित बैठकें 11-15 अक्टूबर 2022 तक किगाली, रवांडा में आयोजित की गईं। श्री हरिवंश, माननीय उपसभापति, राज्य सभा के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल, जिसमें श्री विष्णु दयाल राम, सांसद, लोक सभा; केएम दीया कुमारी, सांसद लोक सभा; डॉ. सस्मित पात्रा, सांसद राज्य सभा; श्रीमती अपराजिता सारंगी, सांसद लोक सभा; और श्री कार्तिकेय शर्मा, सांसद राज्य सभा शामिल थे, ने सभा में भाग लिया। राज्य सभा के महासचिव श्री पी सी मोदी ने भी सभा में भाग लिया। लोक सभा सचिवालय के निदेशक श्री एलवी रमन्ना शिष्टमंडल के सचिव थे।

भारत की संसद के लिए यह सभा अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। लोक सभा सांसद श्रीमती अपराजिता सारंगी को दो-तिहाई बहुमत से एशिया प्रशांत समूह से आईपीयू की कार्यकारी समिति (एक्सकॉम) के सदस्य के रूप में चुना गया। यह चुनाव भारत की संसदीय कूटनीति के इतिहास में एक उल्लेखनीय क्षण था क्योंकि हमारी संसद को 20 वर्षों के अंतराल के बाद आईपीयू की प्रतिष्ठित कार्यकारी समिति में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ था। इससे पहले, राज्य सभा की तत्कालीन उपसभापति डॉ. नजमा हेपतुल्ला ने 1995-1999 तक आईपीयू की कार्यकारी समिति में एक सदस्य के रूप में कार्य किया था, और फिर 1999-2002 तक आईपीयू की अध्यक्षा होने के नाते पदेन सदस्य के रूप में कार्य किया था। कार्यकारी समिति आईपीयू की प्रमुख निर्णयाक संस्था है जो संगठन के प्रशासनिक और वित्तीय मामलों की देखरेख करती है।

राज्य सभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश ने सामान्य चर्चा के दौरान "स्त्री-पुरूष समानता और महिला संवेदी संसदें : एक सशक्त और शांतिपूर्ण विश्व की स्थापना हेतु बदलाव की वाहक" विषय पर सभा को संबोधित किया।

सभा ने समग्र विषय के रूप में "किगाली घोषणा" को अंगीकार किया। सभा ने "अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के उच्च स्तर वाले देशों में स्थानीय और क्षेत्रीय विकास तथा राज्य-प्रायोजित सहित अन्य सभी रूपों में मानव तस्करी और मानवाधिकारों के दुरूपयोग को रोकने के लिये संसदीय प्रोत्साहन”" विषय पर लोकतंत्र और मानवाधिकार संबंधी स्थायी समिति के संकल्प को भी अंगीकार किया।

शिष्टमंडल ने आईपीयू के अन्य निकायों के सत्रों अर्थात् आईपीयू शासी परिषद, आईपीयू की समितियों और मंचों के ब्यूरो और बोर्डों की बैठकों, आईपीयू की चार स्थायी समितियों के पूर्ण सत्रों, अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी कानून के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने संबंधी समिति तथा महिला सांसद मंच और युवा सांसद मंच की बैठकों में भी भाग लिया।

शिष्टमंडल के सदस्यों ने आईपीयू द्वारा तीन विषयों (एक) बाल अधिकार, (दो) पोषण, और (तीन) जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशालाओं में भाग लेने के साथ साथ "स्त्री-पुरूष समानता की ओर: महिला संसदीय कॉकस की उपलब्धियों का मूल्यांकन और अवगाहन" विषय पर पैनल चर्चा में भी भाग लिया।

सभा की बैठकों के अलावा, शिष्टमंडल के सदस्यों ने (एक) एशिया प्रशांत भू-राजनीतिक समूह की बैठक और (दो) एशियाई संसदीय सभा (एपीए) की समन्वय बैठक में भी भाग लिया।

## 4. जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों का 8वां शिखर सम्मेलन (पी 20)

जी 20 देशों के संसदीय अध्यक्षों का 8वां शिखर सम्मेलन (पी 20) 5-7 अक्टूबर 2022 को जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित किया गया। लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल, जिसमें राज्य सभा के माननीय उपसभापति श्री हरिवंश भी शामिल थे, ने शिखर सम्मेलन में भाग लिया। लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार और राज्य सभा के महासचिव श्री पी सी मोदी ने भी शिखर सम्मेलन में भाग लिया। लोक सभा सचिवालय के संयुक्त सचिव डॉ. अजय कुमार इस शिष्टमंडल के सचिव रहे।

शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय "सतत सुधार हेतु सशक्त संसद" था। उपर्युक्त समग्र विषय के अन्तर्गत, विभिन्न उप-विषयों पर चार सत्रों का आयोजन किया गया। लोक सभा के माननीय अध्यक्ष ने "ज्वलंत मुद्दे: खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, और आर्थिक चुनौतियां" विषय पर आयोजित सत्र-दो के दौरान वाद-विवाद में भाग लिया; और इस दौरान उन्होंने कोविड-19 महामारी के समय में भारत द्वारा अपने नागरिकों के लिए खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु की गई पहलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। लोक सभा के माननीय अध्यक्ष "प्रभावी संसद, जीवंत लोकतंत्र" विषय पर आयोजित शिखर सम्मेलन के सत्र-तीन के दौरान मुख्य वक्ता थे। अपने मुख्य भाषण के दौरान भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए माननीय अध्यक्ष द्वारा यह विस्तृत जानकारी दी गई कि लोकतंत्र न केवल हमारे सांस्कृतिक और राजनीतिक मूल्यों में निहित है, बल्कि हमारी विचारधारा तथा हमारी जीवन शैली का एक अभिन्न अंग भी है। माननीय उपसभापति, राज्य सभा ने "सामाजिक समावेश, स्त्री-पुरूष समानता और महिला सशक्तिकरण" विषय पर शिखर सम्मेलन के सत्र-चार में भाग लिया।

सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान, सभापीठ ने माननीय लोक सभा अध्यक्ष को 01 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक भारत की संसद द्वारा पी 20 की अध्यक्षता के संबंध में विशेष संबोधन देने हेतु आमंत्रित किया। अपने विशेष संबोधन के दौरान माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों को वर्ष 2023 में भारत की संसद द्वारा आयोजित किए जाने वाले 9वें पी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया।




लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला **6** अक्टूबर**, 2022** को जकार्ता**,** इंडोनेशिया में आयोजित **8**वें पी **20** शिखर सम्मेलन के दौरान "ज्वलंत मुद्दे - खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियां" विषय पर वाद-विवाद के दौरान बोलते हुए




लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला **6** अक्टूबर**, 2022** को इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित **8**वें पी **20** शिखर सम्मेलन के दौरान "प्रभावी संसद**,** जीवंत लोकतंत्र" विषय पर मुख्य भाषण देते हुए

शिखर सम्मेलन के दौरान, माननीय अध्यक्ष लोक सभा के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल (आईपीडी) ने आईपीयू के अध्यक्ष महामहिम दुआर्ते पशे से भेंट की और निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं:

(एक) पुआन महारानी, हाउस ऑफ़ रिप्रेजेन्टेटिव, इंडोनेशिया की स्पीकर
(दो) महामहिम श्री मिल्टन डिक, हाउस ऑफ़ रिप्रेजेन्टेटिव, ऑस्ट्रेलिया के स्पीकर
(तीन) महामहिम श्री चुआन लीकपाई, हाउस ऑफ़ रिप्रेजेन्टेटिव, थाईलैंड के स्पीकर
(चार) महामहिम श्री रातू इपेली नैलातिकौ, संसद, फिजी के स्पीकर



लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने **7** अक्टूबर, **2022** को इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित **8**वें पी **20** शिखर सम्मेलन के अवसर पर आईपीयू अध्यक्ष महामहिम श्री दुआर्ते पशे के साथ बातचीत की।



लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला 6 अक्टूबर, 2022 को जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित 8वें पी 20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर हाउस ऑफ रिप्रजेन्टेटिव, इंडोनेशिया की स्पीकर डॉ (एचसी) पुआन महारानी के साथ बैठक करते हुए।



लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला 6 अक्टूबर, 2022 को जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित 8वें पी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान हाउस ऑफ रिप्रजेन्टेटिव, ऑस्ट्रेलिया के स्पीकर महामहिम श्री मिल्टन डिक से भेंट करते हुए



लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने 7 अक्टूबर, 2022 को इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित 8वें पी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान हाउस ऑफ रिप्रजेन्टेटिव, थाईलैंड के स्पीकर महामहिम चुआन लीकपाई से भेंट की।

राज्य सभा के माननीय उपसभापति ने कोरिया गणराज्य की नेशनल असेंबली की डिप्टी स्पीकर सुश्री किम यंग जू से भी भेंट की।

इस दौरे के दौरान, माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने जकार्ता में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रवासी भारतीयों की एक सभा को भी संबोधित किया।

### 5. आसियान अंतर-संसदीय सभा (एआईपीए) की **43** वीं सामान्य सभा।

आसियान अंतर-संसदीय सभा (एआईपीए) की महासभा की **43**वीं बैठक का आयोजन **20-25** नवंबर **2022** तक नोम पेन्ह, कंबोडिया में आयोजित किया गया। डॉ. सत्यपाल सिंह, संसद सदस्य ने उपरोक्त सभा में भाग लिया और "सतत, समावेशी और सशक्त आसियान के गठन हेतु एक साथ प्रयास करना" विषय पर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने एआईपीए की सदस्य संसदों और पर्यवेक्षक संसदों के बीच 'शांति, सतत विकास और कोविड-**19** की स्थिति से उभरने के पश्चात निवेश' विषय पर संवाद सत्र में भी भाग लिया।

### 6. आईपीयू की कार्यकारिणी समिति के **289**वें सत्र का आयोजन

आईपीयू की कार्यकारिणी समिति का 289वां सत्र 5 दिसंबर 2022 को वर्चुअल रूप में आयोजित किया गया। संसद सदस्य और आईपीयू कार्यकारिणी समिति की सदस्य श्रीमती अपराजिता सारंगी ने वर्चुअल रूप में आयोजित उपरोक्त सत्र में भाग लिया।

### 7. आईपीयू द्वारा आयोजित "लोकतंत्र हेतु सुरक्षित साइबरस्पेस का सृजन" विषय पर वेबिनार।

06 दिसंबर 2022 को आईपीयू द्वारा "लोकतंत्र हेतु सुरक्षित साइबरस्पेस का सृजन" विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। संसद सदस्य श्री विष्णु दयाल राम ने वेबिनार में भाग लिया।

## संसदीय शिष्टमंडलों का आदान-प्रदान

भारत का दौरा करने वाले अन्य देशों के संसदीय शिष्टमंडलः

**1.** जिम्बाब्वे: नेशनल असेंबली के स्पीकर महामहिम एडवोकेट जैकब फ्रांसिस नज़विदामिलिमो मुडेंडा के नेतृत्व में जिम्बाब्वे के संसदीय शिष्टमंडल ने 06 से 11 दिसंबर 2022 तक भारत का दौरा किया।

बुधवार, 07 दिसंबर को शिष्टमंडल ने भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। 08 दिसम्बर को लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और भारत के दौरे पर आए जिम्बाब्वे के स्पीकर के बीच द्विपक्षीय संसदीय वार्ता हुई और इसके पश्चात रात्रि भोज का आयोजन किया गया। शिष्टमंडल ने उसी दिन 'विशेष दीर्घा' में बैठकर लोक सभा और राज्य सभा की कार्यवाही भी देखी। 09 दिसंबर को, शिष्टमंडल ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ से भेंट की।



8 दिसंबर 2022 को संसद भवन में लोक सभा के माननीय अध्यक्ष श्री ओम बिरला के साथ नेशनल असेंबली, जिम्बाब्वे के स्पीकर महामहिम एडवोकेट जैकब मुडेंडा भेंट करते हुए।

शिष्टमंडल ने दिल्ली के अतिरिक्त आगरा का भी दौरा किया।

## राष्ट्रीय नेताओं की जयंती

राष्ट्रीय नेताओं और लोक सभा के पूर्व अध्यक्षों, जिनके चित्र संसद के केंद्रीय कक्ष में सुशोभित हैं, की जयंती के अवसर पर भारतीय संसदीय समूह (आईपीजी) के तत्वावधान में नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए समारोह आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर लोक सभा सचिवालय के पुस्तकालय और संदर्भ, अनुसंधान, प्रलेखन और सूचना सेवा (लार्डिस) द्वारा तैयार कि गई इन नेताओं के जीवन-वृत्त वाली पुस्तिकाएं वितरित की जाती हैं। पुष्पांजलि के दौरान केंद्रीय कक्ष में संबंधित नेताओं या संबंधित नेताओं द्वारा लिखी गई पुस्तकें भी प्रदर्शित की गईं।

**1** अक्टूबर से **31** दिसंबर **2022** की अवधि के दौरान निम्नलिखित नेताओं की जयंती मनाई गई:

**1.** **श्री जी.एम.सी. बालयोगी:** पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री जी.एम.सी.बालयोगी की जयंती के अवसर पर, **1** अक्टूबर **2022** को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्तिय 1 अक्टूबर, 2022 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री जीएमसी बालयोगी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद।

**2. महात्मा गांधी**: महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर, **2** अक्टूबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और अन्य गणमान्य व्यक्ति 2 अक्टूबर, 2022 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद।

**3. श्री लाल बहादुर शास्त्री** : श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर **2** अक्टूबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 2 अक्टूबर, 2022 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए**

**4. सरदार वल्लभभाई पटेल**: सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर **31** अक्टूबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। लोक

सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; केन्द्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह, श्री पीयूष गोयल और श्री धर्मेन्द्र प्रधान; राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री श्री राजनाथ सिंह, श्री पीयूष गोयल, श्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति 31 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद।**

**5.** **देशबंधु चितरंजन दास:** देशबंधु चितरंजन दास की जयंती के अवसर पर **5** नवंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने देशबंधु चितरंजन दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति 05 नवंबर, 2022 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में देशबंधु चितरंजन दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद।**

**6.** **मौलाना अबुल कलाम आजाद:** मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर **11** नवंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; 11 नवंबर 2022 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद

**7. पंडित जवाहरलाल नेहरू:** पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर, **14** नवंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और अन्य गणमान्य व्यक्ति** 14 **नवंबर**, 2022 **को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद।**

**8. श्रीमती इंदिरा गांधी:** श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर **19** नवंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा में विपक्ष के नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला और अन्य गणमान्य व्यक्ति 19 नवंबर, 2022 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद।**

**9. श्री रवि राय:** श्री रवि राय की जयंती के अवसर पर **26** नवंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री रवि राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



गणमान्य व्यक्ति 26 नवंबर 2022 को पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री रवि राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद

**10. श्री जीवी मावलंकर:** श्री जी.वी.मावलंकर की जयंती के अवसर पर **27** नवंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री जी वी मावलंकर के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



**लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति 27 नवंबर, 2022 को पूर्व लोक सभा अध्यक्ष श्री जी. वी. मावलंकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद**

**11. डॉ. राजेंद्र प्रसाद:** डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर **3** दिसंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**गणमान्य व्यक्ति 03 दिसंबर 2022 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद**

**12. श्री सी राजगोपालाचारी:** श्री सी राजगोपालाचारी की जयंती के अवसर पर, **10** दिसंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्री सी राजगोपालाचारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



गणमान्य व्यक्ति **10** दिसंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में भारत रत्न श्री सी राजगोपालाचारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद

**13. चौधरी चरण सिंह:** चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर **23** दिसंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश; केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश, केंद्रीय मंत्रीगण, संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य **23** दिसंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद

**14. श्री अटल बिहारी वाजपेयी:** श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर, **25** दिसंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; केंद्रीय मंत्री; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश; संसद सदस्य और पूर्व सदस्य** 25 **दिसंबर** 2022 **को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद ।**

**15. पंडित मदन मोहन मालवीय:** पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर **25** दिसंबर **2022** को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित किया गया था। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी**;** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला**;** सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



लोक सभा अध्यक्ष**,** श्री ओम बिरला **25** दिसंबर**, 2022** को पंडित मदन मोहन मालवीय को उनकी जयंती पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए

## संसद संग्रहालय

सक्षम प्राधिकारी के आदेशों के अनुसार, संग्रहालय में बड़े उन्नयन का कार्य हो रहा है और 9 सितंबर, 2022 से अगले आदेश तक आम जनता के लिए बंद है। इसलिए, 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2022 की अवधि के दौरान, किसी भी आगंतुक ने संसद संग्रहालय का दौरा नहीं किया।

## संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड)

01 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2022 के दौरान संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा सदस्यों / प्रतिनिधियों / परिवीक्षार्थियों / गणमान्य व्यक्तियों / अधिकारियों के लिए निम्नलिखित पाठ्यक्रम / कार्यक्रम आयोजित किए गए थे:

**1. 36 वां संसदीय प्रशिक्षु कार्यक्रम**

(एक). सत्रह देशों के चालीस विदेशी प्रतिभागियों ने **21** नवंबर से **16** दिसंबर **2022** तक विदेशी संसदीय अधिकारियों के लिए आयोजित छत्तीसवें संसदीय प्रशिक्षु कार्यक्रम में भाग लिया। माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, विदेश मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

**2.** संसद सदस्यों हेतु कार्यक्रम

संसद के एक सौ साठ सदस्यों ने **19** दिसंबर **2022** को **"**जी **20"** संबंधी संवेदीकरण सत्रों में भाग लिया ।

**3.** संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में हमारे राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पुष्पांजलि कार्यक्रम

(एक). 02 अक्तूबर **2022** को श्री महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में पुष्पांजलि अर्पित करने संबंधी कार्यक्रम में **95** युवाओं की भागीदारी।

(दो) . **31** अक्टूबर **2022** को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में पुष्पांजलि अर्पित करने संबंधी कार्यक्रम में तीन सौ चार युवाओं की भागीदारी।

(तीन). 14 नवंबर 2022 को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में आयोजित कार्यक्रम में एक सौ दो युवाओं की भागीदारी।

(चार). **19** नवंबर **2022** को श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में आयोजित कार्यक्रम में एक सौ नौ युवाओं की भागीदारी।

(पाँच). 0**3** दिसंबर **2022** को डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में आयोजित कार्यक्रम में **98** युवाओं की भागीदारी।

(छह). 2**5** दिसंबर **2022** को पंडित मदन मोहन मालवीय और श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम में पांच सौ युवाओं की भागीदारी।

**4.** सांसदों के वैयक्तिक सहायकों और निजी सचिवों के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

(एक). संसद सदस्यों के बारह वैयक्तिक सहायकों /निजी सचिवों ने 16 नवंबर 2022 को प्राइड, नई दिल्ली में मेंबर्स पोर्टल पर "सूचनाओं की ऑनलाइन प्रस्तुति" विषय पर आयोजित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

5 परिबोधन कार्यक्रम

संसदीय प्रक्रिया और पद्धति के तीन परिबोधन कार्यक्रम आयोजित किए गए थे:

(एक) . भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर सेवा (आईआरएसईई) और भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर सेवा (आईआरएसएमई) के बीस परिवीक्षार्थियों ने 28 से 30 नवंबर 2022 तक संसदीय प्रक्रिया और पद्धति के परिबोधन कार्यक्रम में भाग लिया।

(दो). भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) और भूटानी राजनयिकों के 53 परिवीक्षार्थियों ने 07 से 09 दिसंबर 2022 तक संसदीय प्रक्रिया और पद्धति के परिबोधन कार्यक्रम में भाग लिया।

(तीन). भारतीय वन सेवा परिवीक्षा (आईएफएस-**2022-23** पाठ्यक्रम) के **66** परिवीक्षार्थियों ने **19** से **21** दिसंबर **2022** तक आयोजित संसदीय प्रक्रिया और पद्धति के परिबोधन कार्यक्रम में भाग लिया।

**6** लोक सभा/राज्य सभा और राज्य विधानमंडल सचिवालयों के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम:

एक. सभा सचिवालय के 70 अधिकारियों/प्रतिभागियों ने 10 से 14 अक्टूबर 2022 तक एमएस-एक्सेल और एमएस पावर प्वाइंट के ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम (6 बैच) में भाग लिया।

एक. लोक सभा सचिवालय के छह सौ बत्तीस अधिकारियों ने **10** अक्टूबर **2022** को "पेशेवर दक्षता और कार्यस्थल संबंधी आचार - एक मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य" विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

दो. लोक सभा सचिवालय के **39** अधिकारियों/कर्मचारियों ने **12** अक्टूबर **2022** को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

तीन. लोक सभा सचिवालय के सत्तर अधिकारियों ने **17** से **21** अक्टूबर **2022** तक आयोजित एमएस-एक्सेल और एमएस पावरपॉइंट के ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम (**7** बैच) में भाग लिया।

चार. लोक सभा सचिवालय के **16** अधिकारियों ने **18** अक्टूबर **2022** को पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श (पीआरसी) कार्यशाला में भाग लिया।

पाँच. लोक सभा सचिवालय के छब्बीस अधिकारियों/कर्मचारियों ने **01** नवंबर से **07** नवंबर **2022** तक प्राइड, पीएलबी में विभागीय रूप से सम्बद्ध स्थायी समिति (डीआरएससी) शाखाओं और लोक सभा सचिवालय की अन्य समिति शाखाओं में तैनात रिपोर्टिंग अधिकारियों के लिए आयोजित, अनुदान मांगों (डीएफजी) का मसौदा तैयार करने संबंधी पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

छः. लोक सभा सचिवालय के **62** अधिकारियों ने **01** से **04** नवंबर **2022** तक आयोजित एमएस-एक्सेल और एमएस पावर प्वाइंट के ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम (**8** बैच) में भाग लिया।

सात. लोक सभा सचिवालय के **64** अधिकारियों ने **07** से **11** नवंबर **2022** तक आयोजित एमएस-एक्सेल और एमएस पावर प्वाइंट के ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम (**9** बैच) में भाग लिया।

आठ. लोक सभा, राज्य सभा और राज्य विधानमंडल सचिवालयों के **35** अधिकारियों ने **09** से **11** नवंबर **2022** तक आयोजित प्रबंधन विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

नौ. लोक सभा सचिवालय के 79 अधिकारियों ने 14 से 18 नवंबर 2022 तक आयोजित एमएस-एक्सेल और एमएस पावर प्वाइंट के ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम (10 बैच) में भाग लिया।

दस. लोक सभा सचिवालय के **79** अधिकारियों ने **15** दिसंबर **2022** को सीजीएचएस संबंधी नियमों और प्रक्रियाओं पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

ग्यारह. लोक सभा/राज्य सभा और राज्य विधानमंडल सचिवालय के छत्तीस अधिकारियों ने **19** से **21** दिसंबर **2022** तक लोक सभा, राज्य सभा और राज्य विधानसभाओं के अधिकारियों के लिए आयोजित वित्तीय प्रबंधन संबंधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लिया।

## 7 अन्य व्यक्तियों के लिए संसदीय प्रक्रिया और पद्धति संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, चेन्नई के एक सौ सत्रह छात्रों और संकाय ने **12** से **14** दिसंबर **2022** तक प्राइड, नई दिल्ली में संसदीय प्रक्रियाओं और पद्धतियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

## 8 अपनी संसद को जानें /समझ संसद की कार्यक्रम

"अपनी संसद को जानें " कार्यक्रम 06 सितंबर 2022 को कोटा और बूंदी जिले (राजस्थान) में शुरू किया गया था। "अपनी संसद को जानें" कार्यक्रम की परीक्षा का पहला चरण 01 दिसंबर 2022 को आयोजित किया गया था। "समझ संसद की" कार्यक्रम राजस्थान के कोटा और बूंदी जिले में आयोजित किया गया जिसके तहत लगभग 2.33 लाख छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दूसरे चरण की परीक्षा 12 जनवरी 2023 को कोटा और बूंदी जिले (राजस्थान) में निर्दिष्ट केंद्रों पर आयोजित की गई थी। "अपनी संसद को जानें" कार्यक्रम का परिणाम 25 जनवरी 2023 को घोषित किया जाएगा।

## 9 अध्ययन दौरे (अंतर्राष्ट्रीय)

एक. आईसीसीआर, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'जेन नेक्स्ट डेमोक्रेसी नेटवर्क प्रोग्राम' के छठे बैच के तहत 32 सदस्य प्रतिनिधियों ने 11 अक्टूबर 2022 को संसद के अध्ययन दौरे में भाग लिया।

दो. 12 अक्टूबर 2022 को 35 भारतीय प्रवासी युवाओं ने भारत को जानो कार्यक्रम (केआईपी) के 61 वें संस्करण में भाग लिया।

तीन. एमसीजीजी, मसूरी में फील्ड प्रशासन में 17 वें क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने वाले मालदीव के अड़तीस सिविल सेवकों ने 09 नवंबर 2022 को अध्ययन दौरे में भाग लिया।

चार. युवा राष्ट्रपति संगठन के 54 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने 11 नवंबर 2022 को प्राइड में अध्ययन दौरे में भाग लिया।

पाँच. भारत को जानो कार्यक्रम, नई दिल्ली के 62वें संस्करण के 42 प्रतिभागियों ने 15 नवंबर 2022 को प्राइड में अध्ययन दौरे में भाग लिया।

छः. एनसीजीजी, मसूरी, उत्तराखंड में फील्ड प्रशासन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले बांग्लादेश के चालीस सिविल सेवकों ने 30 नवंबर 2022 को अध्ययन दौरे में भाग लिया।

सात. उद्यमी संगठन (ईओ-दक्षिण एशिया) के 74 सदस्यों ने 15 दिसंबर 2022 को अध्ययन दौरे में भाग लिया।

आठ. एनसीजीजी, मसूरी, उत्तराखंड में फील्ड प्रशासन संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले बांग्लादेश के 41 सिविल सेवकों ने 20 दिसंबर 2022 को अध्ययन दौरे में भाग लिया।

## दस. अध्ययन दौरा (राष्ट्रीय)

एक. डीएवी ग्रुप ऑफ स्कूल्स, चेन्नई के एक सौ पांच छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 07 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

दो. लॉयड लॉ कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के संकाय के सदस्यों के साथ साठ छात्रों ने 07 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

तीन. पानीपत कल्याण समिति, पानीपत; न्यू मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल, पानीपत, हरियाणा के एक सौ सैंतालीस प्रतिभागियों/छात्रों ने 11 अक्टूबर 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

चार. लॉयड लॉ कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के संकाय के सदस्यों के साथ चौवन छात्रों ने 11 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

पाँच. मॉडर्न कॉलेज ऑफ लॉ, गाजियाबाद के इक्यावन छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 11 अक्टूबर, 2022 को संसद के अध्ययन दौरा में भाग लिया।

छः. लॉयड लॉ कॉलेज, ग्रेटर नोएडा नई दिल्ली के संकाय के सदस्यों के साथ 62 छात्रों ने 14 अक्टूबर, 2022 को संसद के अध्ययन दौरा में भाग लिया।

सात. डीएवी ग्रुप ऑफ स्कूल्स, चेन्नई के अड़तीस छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 14 अक्टूबर, 2022 को प्राइड में संसद के अध्ययन दौरा में भाग लिया।

आठ. सेंट जोसेफ वर्ल्ड स्कूल, करहल, मैनपुरी, उत्तर प्रदेश के उनसठ छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 17 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, संसद के अध्ययन दौरा में भाग लिया।

नौ. लॉयड लॉ कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के संकाय के सदस्यों के साथ बासठ छात्रों ने 18 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

दस. आईटीआईएचएएएस के सड़सठ छात्रों और शिक्षकों ने 19 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

ग्यारह. सेंट जॉन्स रीजनल सेमिनरी, रामनाथपुर, हैदराबाद के इकतालीस छात्रों और अधिकारियों ने 19 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

बारह. केरल प्रशासनिक सेवाओं के उन्नीस अधिकारियों ने 19 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

तेरह. राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, नई दिल्ली में प्रशिक्षण में भाग लेने वाले तैतालिस प्रतिभागियों/प्रशिक्षुओं ने 20 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

चौदह. एनएडीटी, क्षेत्रीय परिसर, दिल्ली द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" के अंतर्गत "देश और हम" पहल के अधीन आयोजित कार्यक्रमों के अड़सठ विजेताओं ने 20 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

पंद्रह. लॉयड लॉ कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के संकाय के सदस्यों के साथ उनचास छात्रों ने 20 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

सोलह. नानकपुरा मलयाली वेलफेयर फोरम, दिल्ली के पैतीस सरकारी अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने 25 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

सत्रह. डीएवी ग्रुप ऑफ स्कूल्स, चेन्नई के पचासी छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 28 अक्टूबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

अठ्ठारह. कोटा, राजस्थान की छियालीस महिला प्रतिभागियों के एक समूह ने 02 नवम्बर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

उन्नीस. सरकार के प्रबंधन संस्थान, तिरूवनंतपुरम के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भाग ले रहे केरल प्रशासनिक सेवा के 21 अधिकारी–प्रशिक्षुओं ने 04 नवम्बर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

बीस. हचिंग्स हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज, पुणे के एक सौ दस छात्रों और शिक्षकों ने 04 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

इक्कीस. भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के कार्यक्रम के अंतर्गत भाग लेने वाले महाराष्ट्र सरकार के इक्यासी प्रांतीय सिविल सेवा परिवीक्षाधीन समूह–ख अधिकारियों ने 04 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

बाईस. दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के पीजीडीएवी कॉलेज (एम) के पचास छात्रों ने 10 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

तेईस. एफआईएमटी स्कूल ऑफ लॉ, नई दिल्ली के पचास छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 10 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

चौबीस. ब्रेन ट्री स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश के साठ छात्रों ने 14 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

पच्चीस. श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, नई दिल्ली के पैंसठ छात्रों ने 15 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

छब्बीस. गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, लुधियाना, पंजाब के तेईस छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 15 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

सत्ताईस. न्यू होली लाइफ इंटर कॉलेज के चौवन छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 16 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

अट्ठाईस. एमेक्स लॉ कॉलेज, बर्दवान विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल के सत्तर छात्रों और शिक्षकों ने 16 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

उन्तीस. करनाल, हरियाणा के विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के चौसठ अधिकारियों/प्रतिभागियों ने 18 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

तीस. कोटा, राजस्थान से आए दो सौ चौहत्तर व्यक्तियों के एक समूह ने 19 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

इक्तीस. विद्या वैली इंग्लिश स्कूल, जिंतूर, महाराष्ट्र के बयालीस छात्रों और शिक्षकों ने 22 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

बत्तीस. महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रोहिणी, दिल्ली के छिहत्तर छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 22 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

तैंतीस. श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के चौसठ छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 23 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

चौंतीस. लॉ कॉलेज दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल के एक सौ तेईस छात्रों और अधिकारियों ने 25 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

पैंतीस. आईआईपीए, नई दिल्ली में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे 55 प्रांतीय सिविल सेवा समूह–क अधिकारियों (महाराष्ट्र सरकार) ने 28 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

छतीस. कस्तूरी राम उच्चतर शिक्षा महाविद्यालय, नरेला, दिल्ली के पचास छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 28 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

सैंतीस. एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा के अड़सठ छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 29 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

अड़तीस. जे. वी. जैन कॉलेज, सहारनपुर के अट्ठाईस छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 30 नवंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

उन्तालीस. रोटरी क्लब ऑफ कोयम्बटूर अपटाउन के बारह सदस्यों ने 02 दिसम्बर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

चालीस. एनसीजीजी, मसूरी में फील्ड प्रशासन में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जम्मू और कश्मीर प्रशासनिक सेवा के 31 वरिष्ठ अधिकारियों ने 07 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

इक्तालीस. अंजुमन–ए–इस्लाम लॉ कॉलेज, मुंबई के इकतीस छात्रों ने 09 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

बयालीस. पूरे भारत के नवोदय विद्यालय समिति, जवाहर नवोदय विद्यालयों में नए भर्ती किए गए 40 पुस्तकालयाध्यक्षों ने 09 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

तैतालीस. बैपटिस्ट स्कूल, नई दिल्ली के उनतालीस छात्रों ने 13 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

चवालीस. गोल्डन एरा पब्लिक स्कूल, बांदेपुर, सोनीपत के पच्चीस छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 15 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

पैंतालीस. आरएनबी ग्लोबल यूनिवर्सिटी, बीकानेर, राजस्थान के 11 छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 16 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

छियालीस. इद्राक आवासीय अकादमी, सवाई माधोपुर, राजस्थान के 35 छात्रों ने 20 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

सत्तालीस. भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), दिल्ली द्वारा आयोजित लोक प्रशासन में एडवांस प्रोफेशनल प्रोग्राम (एपीपीए) में भाग लेने वाले भारत सरकार के तीस वरिष्ठ अधिकारियों ने 21 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

अड़तालीस. डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, बहादुरगढ़, हरियाणा के चवालीस छात्रों और शिक्षकों ने 22 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

उन्चास. एपीजे स्कूल, साकेत, नई दिल्ली के 63 छात्रों और शिक्षकों ने 22 दिसंबर 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

पचास. आईआईपीए, नई दिल्ली में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रांतीय सिविल सेवा (महाराष्ट्र सरकार) के समूह–क के बयालीस अधिकारियों ने 23 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

इकावन. ब्रम्हा सावित्री वेद विद्यापीठ, पुष्कर और राजकीय विद्यालय, बलारा, राजस्थान के एक सौ चौवन छात्रों और संकाय के सदस्यों ने 28 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

बावन. संसद भवन, नई दिल्ली विषय पर अध्ययन करने वाले सैन्य विधि संस्थान के चौतीस छात्र अधिकारियों ने 29 दिसंबर, 2022 को प्राइड, लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली में अध्ययन दौरा में भाग लिया।

*******